# टेक्सटाइल पार्क की स्थापना के लिए कंपनी का चयन अगले सप्ताह

- मलिहाबाद में 1,000 एकड़ में पीपीपी मोड पर विकसित होगी परियोजना
- 10 हजार करोड़ रुपये का होगा निवेश, एक लाख रोजगार सृजित होंगे

**राज्य ब्यूरो, जागरण● लखनऊ:** मलिहाबाद के अटारी गांव में टेक्सटाइल पार्क स्थापित करने के लिए कंपनी का चयन अगले सप्ताह किया जाएगा। पीपीपी (सार्वजनिक निजी भागीदारी) मोड पर टेक्सटाइल पार्क को स्थापित करने को लेकर अवस्थापना एवं औद्योगिक विभाग ने 10 मार्च तक कंपनियों से आवेदन मांगे हैं। पार्क विकसित करने के लिए इच्छुक कंपनियों के साथ निविदा से पूर्व बैठक भी हो चुकी है।

प्रधानमंत्री मित्र टेक्सटाइल पार्क योजना के तहत मलिहाबाद में प्रदेश के सबसे बड़े टेक्सटाइल व अपैरेल पार्क को स्थापित करने की योजना पर वर्ष 2023 में काम शुरू किया गया था। करीब 1,000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क को पीपीपी मोड पर स्थापित करने के लिए निजी कंपनियों से पिछले माह प्री-बिड बैठक के बाद आवेदन मांगे गए थे। इस टेक्सटाइल पार्क में करीब 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। सरकार की तरफ से भूमि का अधिग्रहण का कार्य पूरा कर लिया गया है। करीब 454 करोड़ रुपये खर्च कर चार लेन मार्ग के साथ इसकी कनेक्टिविटी की सुविधा दी जा रही है। मलिहाबाद रेलवे स्टेशन से 16 किलोमीटर, लखनऊ रेलवे स्टेशन से 40 किलोमीटर व चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से करीब 45 किलोमीटर दूरी पर स्थित इस पार्क के शुरू होने के बाद करीब एक लाख लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। रिलायंस, अरविंद मिल्स व वर्धमान सहित कई कंपनियां इस पार्क की स्थापना में रुचि दिखा चुकी हैं। अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि मास्टर डेवलपर के चयन की प्रक्रिया इसी माह पूरी कर ली जाएगी।